Ans. (c) : राजस्थान की 20वीं पशुगणना के अनुसार, सर्वाधिक पशुधन बाड़मेर जिले में है जहाँ पशुओं की कुल संख्या 53.66 लाख है। राज्य में न्यूनतम पशुधन वाला जिला धौलपुर (5.29 लाख) है। राजस्थान में कुल 5.68 करोड़ पशुधन तथा 146.23 लाख कुक्कुट हैं। देश का सर्वाधिक पशुधन उत्तर प्रदेश में तथा उसके पश्चात् राजस्थान में पाया जाता है।

1379. खेजड़ी वनस्पति प्रजाति (वृक्ष) .... वनों में पाई जाती है।

(a) उपोष्ण पर्वतीय
(b) उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़
(c) उष्णकटिबंधीय कंटीले
(d) उष्णकटिबंधीय सदाबहार

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (c) : खेजड़ी राजस्थान का राजकीय वृक्ष है, इसे 'मरू प्रदेश का कल्पवृक्ष' कहा जाता है। खेजड़ी वनस्पति प्रजाति (वृक्ष) उष्णकटिबंधीय कंटीले वनों में पायी जाती है। उष्ण कटिबंधीय कांटेदार वन उन भागों में पाए जाते हैं, जहाँ वर्षा 50 सेंटीमीटर से कम होती है। इन वनों में कई प्रकार के घास और झाड़ियाँ शामिल हैं। इसमें पश्चिमी पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के अर्ध शुष्क क्षेत्र शामिल है। इन वनों में पौधे लगभग पूरे वर्ष पर्णरहित रहते हैं। इनमें पायी जाने वाली मुख्य प्रजातियाँ बबूल, बेर, खजूर, खैर, नीम, खेजड़ी और प्लास हैं।

1380. राजस्थान के किस भाग में वालरा कृषि की जाती है? सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिये।

(a) उत्तरी (b) दक्षिणी
(c) पूर्वी (d) पश्चिमी

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (b) : झूमिंग या स्थानांतरित कृषि राजस्थान में 'वालरा' कृषि के नाम से जानी जाती है। वालरा कृषि राजस्थान के दक्षिणी भाग में भीलों, गरासियों आदि जनजातियों द्वारा की जाती है। पहाड़ी क्षेत्रों में इसे 'चिमाता' और मैदानों में 'दजिया' कहा जाता है। यद्यपि जंगल कम होते जाने के कारण वालरा कृषि भी अब कम हो गई है। इस कृषि से पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुँचता है।

1381. राजस्थान के किस क्षेत्र में सर्वाधिक मक्का उत्पादन होता है?

(a) मेवाड़ (b) मारवाड़
(c) गोडवार (d) ढूंढाड़

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (a) : राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र में सर्वाधिक मक्का उत्पादन होता है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल मक्का उत्पादन का आठवाँ भाग राजस्थान में होता है। यहाँ का भीलवाड़ा जिला मक्का उत्पादन में प्रथम स्थान पर है।

1382. कृषि अनुसंधान केन्द्र बांसवाड़ा की ओर से विकसित संकुल किस्म 'माही कंचन' किस फसल से संबंधित है?

(a) चावल (b) मक्का
(c) ज्वार (d) गेहूँ

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (b) : कृषि अनुसंधान केन्द्र बांसवाड़ा की ओर से विकसित संकुल किस्म 'माही कंचन' मक्के की फसल से संबंधित है। इसी प्रकार माही धवल, सविता, नवजोत, किरण, गंगा-2 आदि मक्के की अन्य प्रमुख किस्में हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र में सर्वाधिक मक्का उत्पादन होता है।

1383. निम्न में से राजस्थान के किस जिले में सबसे ज्यादा गेहूँ उगाया जाता है?

(a) करौली (b) श्रीगंगानगर
(c) दौसा (d) जयपुर

स्टोनोग्राफर भर्ती परीक्षा -2019
Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (b) : राजस्थान का श्रीगंगानगर जिला राज्य में गेहूँ उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। राजस्थान का पूर्वी भाग गेहूँ उत्पादन में अग्रणी स्थान रखता है। गेहूँ के अधिक उत्पादन के कारण श्रीगंगानगर को राज्य का अन्न भण्डार कहा जाता है।

1384. निम्न सभी राजस्थान की रबी की तिलहन हैं, सिवाय–

(a) तोरिया–सरसों (b) तारामीरा
(c) अलसी (d) मूँगफली

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (d) : मूँगफली तिलहन की खरीफ फसल है। तोरिया-सरसों, तारामीरा, अलसी, राई तिलहन की रबी फसलें हैं। तिलहन उत्पादन में राजस्थान का प्रथम स्थान है। आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार उत्पादन देश के कुल तिलहन का 22% उत्पादन राजस्थान में होता है।

1385. फसल एवं उनकी किस्मों को मिलाइए और कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–

(A) चावल 1. RAJ 911, सोनालिका, D-134
(B) गेहूँ 2. C 235, H 208, G 130
(C) चना 3. बाला, पूसा 221
(D) कपास 4. PST9, देवीराज, देवीतेज

कूट–

	A	B	C	D
(a)	4	3	2	1
(b)	2	3	4	1
(c)	3	1	2	4
(d)	1	2	3	4

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (c) : सही सुमेलित है–

फसल		**किस्म**
चावल	–	बाला, पूसा 221
गेहूं	–	RAJ 911, सोनालिका, D-134
चना	–	C 235, H 208, G 130
कपास	–	PST9, देवीराज, देवीतेज

1386. 2015-16 में राजस्थान में भू-जोतों का औसत आकार था।

(a) 10.07 हेक्टेयर (b) 5.07 हेक्टेयर
(c) 2.73 हेक्टेयर (d) 3.07 हेक्टेयर

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021
Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018